

## लोगों के बीच जाकर जमीन पर बैठ गए राजपाल यादव और करने लगे ये काम

राजपाल यादव फिल्म इंडस्ट्री में लंबे समय से काम कर रहे हैं। उनकी ऐक्टिंग और कॉमेडी के लोग कायल हैं। बॉलिवुड में बड़े–बड़े सितारों संग काम कर चुके राजपाल निजी जिंदगी में बहुत सादगी पसंद इंसान हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल उनका एक वीडियो इसकी गवाही दे रहा है। आम लोगों के बीच जाकर और जमीन पर चूल्हे के सामने बैठकर गोल–गोल रोटी बनाना... लोगों से उन्हीं की बोली में हंसी–मजाक करना... ये वीडियो देखकर आप भी एक बार मुस्कुरा जरूर देंगे। इस वीडियो को राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें वो कुछ लोगों के बीच जाकर बैठ जाते हैं और खुद ही चूल्हे के सामने रोटियां बेलने लगते हैं। इस दौरान वो खूब हंसी–मजाक भी करते हैं। वो रोटियां भी ऐसे बेलते हैं, जैसे कोई प्रोफेशनल हो। इस पर भी राजपाल जोक मारते हुए कहते हैं, जिंदगी में पापड़ बहुत बेले हैं... ये सुनकर सभी हंसने लगते हैं। इससे पहले वो कहते हैं, 7 स्टार होटल का साग बनवा लो, लेकिन इस व्यवस्था को कोई चुनौती नहीं दे सकता। ये वीडियो शेयर करते हुए राजपाल ने कैप्शन भी बहुत शानदार लिखा है, अपने देश के देसी खाने का कोई जवाब नहीं, इस्से अच्छा कोई स्वाद नहीं।

## विवेक अग्निहोत्री की द दिल्ली फाइल्स पर भड़के सिख

फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री हाल के दिनों में अपनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार और उनके विस्थापन पर बनी इस फिल्म को काफी पसंद किया गया है। इस फिल्म की सफलता के बाद विवेक अग्निहोत्री ने घोषणा की थी कि अब वह 1984 में दिल्ली में हुए सिख विरोधी दंगों पर अपनी अगली फिल्म द दिल्ली फाइल्स बनाएंगे। विवेक की इस घोषणा पर महाराष्ट्र के एक सिख संगठन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। महाराष्ट्र सिख एसोसिएशन ने कहा, फिल्ममेकर्स को समाज में असहज शांति भंग करने से बचना चाहिए। हालांकि विवेक अग्निहोत्री ने अभी तक यह कन्फर्म नहीं किया है कि द दिल्ली फाइल्स में वह 1984 के सिख विरोधी दंगे ही दिखाएंगे या नहीं। अपनी प्रेस रिलीज में एसोसिएशन ने कहा, निजी लाभ और रचनात्मकता के नाम पर लोगों को सिख दंगों जैसी मानवता की त्रासदी से भरी दुर्भाग्यपूर्ण घटना का कमर्शल प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस मुद्दे पर विवेक अग्निहोत्री ने कहा, श्मुझे कोई आइडिया नहीं है कि यह कौन सा संगठन है। मैं एक भारतीय हूं और मैं एक स्वतंत्र देश में रहता हूं जो मैं जिस तरह भी चाहूं अपने विचार रखने की आजादी देता है। मैं वही बनाऊंगा, जिसे बनाया जाना चाहिए। जो मेरी आत्मा कहेगी, मैं बनाऊंगा। मैं किसी संगठन का गुलाम नहीं हूं।

## देश की पहली होम शेफ, जिसने घर का खाना खिलाकर दुनिया को बनाया दीवाना




जब से देश की पहली होम शेफ तरला दलाल पर बायॉपिक अनाउंस हुई है, हर कोई उनके बारे में जानने को उत्सुक हो गया है। तरला दलाल पर उनके नाम से ही बायॉपिक आ रही है, जिसमें ऐक्ट्रेस हुमा कुरैशी उनका रोल प्ले करेंगी। मेकर्स ने हाल ही इस फिल्म से तरला के रोल में हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक रिलीज किया था। तरला दलाल कौन थीं? वह कैसे इतनी पॉप्युलर होम शेफ बनीं, जिसकी कुकिंग के दुनियाभर में चर्चे होते थे? उनके परिवार से लेकर मौत के बारे में यहां हम आपको सारी जानकारी दे रहे हैं। तरला दलाल देश की सबसे मशहूर शेफ थीं, फूड राइटर, कुकबुक की ऑथर थीं। तरला दलाल ने कुकिंग पर 100 से भी ज्यादा किताबें लिखीं और कई कुकिंग शोज भी होस्ट किए। इतना ही नहीं, तरला दलाल इंडियन फूड की सबसे बड़ी वेबसाइट चलाती थीं और एक मैगजीन कुकिंग एंड मोर भी पब्लिश करती थीं। तरला दलाल का जन्म महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। तरला को बचपन से ही कुकिंग का शौक था। 12 साल की उम्र से ही उन्होंने खाना बनाने में मां की मदद करनी शुरू कर दी थी। 1956 में तरला दलाल ने कॉलेज से बीए इक्नॉमिक्स की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद 1960 में तरला दलाल की शादी नलिन दलाल से हो गई, जो उस वक्त अमेरिका में कैमिकल इंजनियरिंग कर रहे थे।

# रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में शामिल हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*रोहित शेट्टी अब ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं। इस वेब शो का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आ रहे हैं। बॉलिवुड के फेमस डायरेक्टर रोहित शेट्टी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने अपनी वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की अनाउंसमेंट करते हुए टीजर रिलीज कर दिया है। अब उनके कॉप यूनिवर्स में सिद्धार्थ मल्होत्रा भी शामिल हो गए हैं, जो टीजर में पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आ रहे हैं। इससे पहले अजय देवगन से लेकर रणवीर सिंह तक, रोहित के लिए स्क्रीन पर पुलिसवाले बन चुके हैं।*



रोहित शेट्टी ने सोशल मीडिया पर इंडियन पुलिस फोर्स का टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हमारा कॉप यूनिवर्स डिजिटल हो रहा है और जब हम डिजिटल पर जा रहे हैं तो ये बड़ा होना चाहिए। इंडिया की सबसे बड़ी ऐक्शन सीरीज अमेजन प्राइम पर आपके लिए लाते हुए प्राउड फील कर रहा हूं। ये सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**कॉप यूनिवर्स में थे ये बड़े ऐक्टर्स**

रोहित शेट्टी की कॉप वाली फिल्में बड़ी हिट रही हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत अजय देवगन संग सिंघम से की थी। इसके बाद वो सिंघम रिटर्न्स लेकर आए। दोनों ही फिल्में सुपरहिट रहीं। फिर




रणवीर सिंह पुलिस वाले बने और सिंबा में नजर आए। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अक्षय कुमार ने सूर्यवंशी की। अब सिद्धार्थ मल्होत्रा भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

**सिद्धार्थ ने की रोहित की तारीफ**

बेशक सिद्धार्थ मल्होत्रा के लिए भी ये एक बड़ा प्रोजेक्ट है। इससे पहले वो शेरशाह में फौजी बने थे और इस किरदार में जान फूंककर उन्होंने सभी का दिल जीत लिया था। उन्होंने भी टीजर को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और रोहित शेट्टी की तारीफ की। उन्होंने लिखा, जब रोहित शेट्टी सर ऐक्शन बोलते हैं, वो सच में इसे सीरियसली लेते हैं। ऐक्शन किंग के साथ उनकी कॉप यूनिवर्स में एंट्री करने के लिए तैयार हूं।

दूसरे प्रोजेक्ट्स की बात करें तो सिद्धार्थ के पास कई फिल्मों की लाइन लगी है। उनके पास रश्मिका मंदाना के साथ मिशन मजनू है। वो करण जौहर की योद्धा और थैंक गॉड में भी नजर आएंगे।

# छवि मित्तल को कैसे पता चला कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हो गया है?

*टीवी ऐक्ट्रेस छवि मित्तल ने हाल ही में खुलासा किया था कि वह ब्रेस्ट कैंसर जैसी बड़ी बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लंबा–चौड़ा पोस्ट लिखकर दी थी। उन्होंने बताया था कि वह इस भयंकर बीमारी से कैसे लड़ रही हैं। साथ ही तमाम कैंसर पीड़ित महिलाओं को हिम्मत भी दी थी। अब उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उन्हें इस बीमारी का पता कैसे चला।*



लेटेस्ट वीडियो में छवि बता रही हैं कि उन्हें वर्कआउट के दौरान अचानक चोट लग गई थी। इसके बाद वह डॉक्टर के पास गईं। वहां उन्हें पता चला कि उनको ब्रेस्ट कैंसर है। वीडियो में छवि बताती हैं, मैंने आज ये एक्सरसाइज इसलिए की क्योंकि इसी ने मेरी लाइफ को बचाया है। एक दिन जब मैं ये वाली एक्सरसाइज कर रही थी, तब मुझे चेस्ट में चोट लग गई थी और मैंने उस दिन बिना वॉर्मअप किए ही खुद के लिए मुसीबत मोल ले ली थी। हालांकि बाद में खुद को थैंक्यू बोला। मैं चेकअप के लिए गई और वहां मुझे गांठ के बारे में पता चला। इसके बाद मेरा एमआरआई हुआ, अल्ट्रासाउंड हुआ और फिर बॉयोप्सी हुई। तब जाकर इस कैंसर का पता लगा।

**छवि मित्तल ने दी महिलाओं को सलाह**

छवि ने आगे लिखा कि महिलाओं को हर 6 महीने पर अपना चेकअप करवाना चाहिए, जिससे बीमारी सही समय पर डिटेक्ट हो पाए। छवि लिखती हैं, श्हम सबकुछ अपनी किस्मत पर नहीं छोड़ सकते। ये महिलाओं के लिए जरूरी है कि वह खुद का 6 महीने पर टेस्ट करवाएं। चाहे वह 40 के पार हों या न हों। सेल्फ एग्जामिनेशन और यह जानना कि आपके नॉर्मल ब्रेस्ट कैसा महसूस करते हैं, पूरी तरह से कम करके आंका जाता है।श

**छवि मित्तल की हुई बायोप्सी**

वहीं, दूसरे पोस्ट में छवि ने बताया कि वह सर्जरी की तैयरी कर रही हैं। उनकी लेटेस्ट फोटो में, वह ब्रेस्ट पर लगे टेप को प्वॉइंट आउट करते हुए लिखती हैं, श्क्या आपने वो हल्के गुलाबी रंग के टेप को नेटिस किया, जो मेरे शर्ट से दिखाई दे रहा है? ये बॉयोप्सी के बाद का टेप है। ये तब का है, जब ये सब शुरू हुआ था। मैंने बॉयोप्सी करवाई और उसके बाद एक मीटिंग के लिए ताज गई। इस दौरान मिले–जुले इमोशन्स हैं। लेकिन मैं अपने दिमाग को उस तरफ जाने से रोकने के लिए पूरी कोशिश कर रही हूं।